कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, रामनगर वन प्रभाग
रामनगर (नैनीताल)

dfo_ramnagar@rediffmail.com, दूरभाष/फैक्स नं0 05947–251362

पत्रांक 2824/ 12-1 दिनांक, रामनगर 24/03/2026

सेवा में,

वन संरक्षक,
पश्चिमी वृत्त,
उत्तराखण्ड, हल्द्वानी।

विषयः– मा0 मुख्यमंत्री घोषणा संख्या 93/2015 के अन्तर्गत जनपद नैनीताल के विधानसभा क्षेत्र नैनीताल में अमोठा से डोला हाईस्कूल तक लिंक मार्ग का नव निर्माण।

संदर्भः– कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड लोक निर्माण विभाग, रामनगर (नैनीताल) के पत्र संख्या 100/23 सी0 दिनांक 08.01. 2026।

महोदय,

उपरोक्त विषयक सन्दर्भित पत्र के क्रम में अवगत कराना है कि विषांकित प्रकरण में अधिशासी अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, रामनगर द्वारा संदर्भित पत्र के माध्यम से परिवेश पोर्टल में संख्या– FP/UK/ROAD/37699/2018 में लगाई गयी आपत्तियों का निराकरण इस कार्यालय में प्रस्तुत किया गया है। जो निम्नवत हैः–

क्र0सं0	आपत्ति	निराकरण
1	बिन्दु सं0 1 तथा 2 के प्रतिउत्तर में प्रस्तुत स्पष्टीकरण अपूर्ण प्रतीत होता है क्योंकि न ही के0एम0एल0 फाईल पर गांवों की स्थिति अंकित की गयी है न ही आवश्यक दस्तावेजों जैसे लाईन मैप, के0एम0एल0 पर गांवों– अमगढ़ी, पाटकोट की स्थिति, वर्तमान मार्ग का समरेखन इत्यादि द्वारा इस तथ्य को पूर्णत स्पष्ट किया गया है कि उपरोक्त गांवों से लोगों को कोटाबाग ब्लॉक तक आने के लिए 17.00 कि0मी0 कम दूरी की आवश्यकता क्यों है। अतः राज्य सरकार से अनुरोध है कि इस पर अपना स्पष्ट प्रतिवेदन इस कार्यालय में प्रेषित करना सुनिश्चित करें तथा के0एम0एल0 फाईल पर गांवों अमगढ़ी–पाटकोट की स्थिति, वर्तमान मार्ग का समरेखन इत्यादि की स्थिति दर्शित कर ऑनलाईन अपलोड करें।	प्रस्तावक विभाग द्वारा परिवेश पोर्टल में संख्या– FP/UK/ROAD/37699/2018 में वनभूमि हस्तांतरण प्रस्ताव के "Part-I" में गांवों की स्थिति की संशोधित KML फाइल बनाकर अपलोड कर दी गयी है।
2	बिन्दु सं0 4 के प्रतिउत्तर में यह सूचित किया गया है कि सी0ए0 क्षेत्र प्रस्तावित दोनों प्रकरणों के लिए पृथक–पृथक हैं किन्तु यथानुसार के0एम0एल0 फाईल को संशोधित नहीं किया गया है तथा अभी भी पूर्व की ही भाँति प्रस्ताव संख्या FP/UK/ROAD/40832/2019 के सी0ए0 क्षेत्र के साथ ओवरलेपिंग दर्शित हो रही है। राज्य सरकार से अनुरोध है कि प्रस्तावित सी0ए0 क्षेत्र को के0एम0एल0 फाईल पर संशोधन कर पुनः अपलोड करें।	प्रस्तावक विभाग द्वारा परिवेश पोर्टल में संख्या– FP/UK/ROAD/37699/2018 में प्रस्तावित वनभूमि हस्तांतरण प्रस्ताव के "Part-I" में क्षतिपूरक वृक्षारोपण भूमि (C.A. Land) की स्थिति की संशोधित KML फाइल, डिजिटल मानचित्र (टोपोशीट मैप) एवं जियोरिफ्रेंस को–ऑर्डिनेट मैप बनाकर अपलोड कर दी गयी है।

संलग्नः– उपरोक्तानुसार।

भवदीय,

(ध्रुव सिंह मर्तोलिया)
प्रभागीय वनाधिकारी,
रामनगर वन प्रभाग, रामनगर

पत्रांकः– 2824/ 12-1 दिनांकित।

प्रतिलिपिः– प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण, इन्द्रार नगर फॉरेस्ट कालोनी, उत्तराखण्ड, देहरादून को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।

प्रतिलिपिः– अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लोक निर्माण विभाग, रामनगर को सूचनार्थ प्रेषित।

(ध्रुव सिंह मर्तोलिया)
प्रभागीय वनाधिकारी,
रामनगर वन प्रभाग, रामनगर